**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 25.01.2025** **समय : 1845**

- **गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्र को संबोधित करेंगी।**
- **पूरे देश के साथ कल द्वीपसमूह में भी छियहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। द्वीपों का मुख्य कार्यक्रम श्री विजयपुरम के मरीना पार्क रोड पर आयोजित होगा।**
- **पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर द्वीपों में विभिन्न आयोजन।**
- **राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर जिम्मेदार पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

<><><><><><><>

पूरा देश कल छियहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनाएगा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से इसका प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ कल द्वीपसमूह में भी छियहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। श्री विजयपुरम के मरीना पार्क रोड में मुख्य समरोह का आयोजन किया जाएगा। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी सुबह आठ बजकर पैंतीस मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए श्री विजयपुरम में यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। उपराज्यपाल का काफिला फायर ब्रिगेड क्रॉसिंग, विकास भवन, स्काउट हट जंक्शन, वाई नारायण जंक्शन होते हुए सेल्यूलर जेल पहुंचेगा। सेल्यूलर जेल शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि समारोह के बाद, यह काफिला मरीना पार्क पहुंचेगा। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर से आने–जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, ए.पी.डब्लू.डी क्रॉसिंग से मुरगन मंदिर के रास्ते शादीपुर जंक्शन तक जाना होगा। भारी वाहनों और बसों को सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे के बीच बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट के रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। सुबह आठ बजे के बाद समारोह की समाप्ति और अतिथियों तथा परेड के प्रस्थान करने के बाद ही अन्य वाहनों को छोड़ा जाएगा। एम्बुलेंस तथा आपातकालीन चिकित्सा के वाहनों को जी.बी. पंत अस्पताल जाने के लिए वाई–नारायण जंक्शन और सेल्यूलर जेल के रास्ते जाने की अनुमति रहेगी। यह मार्ग अन्य वाहनों के लिए सुबह आठ बजकर पांच मिनट से आठ बजकर पैंतीस मिनट तक बंद रहेगा। जी.बी. पंत अस्पताल के भीतर मौजूद वाहनों को सुबह सात बजे से लेकर दस बजे तक अस्पताल के पिछले द्वार से डिगनाबाद समुद्री सी–शोर के रास्ते जाने की अनुमति होगी। परेड में शामिल दस्ते को गर्ल्स स्कूल जंक्शन में उतारने के बाद ऐसे वाहनों को फायर ब्रिगेड की ओर रवाना किया जाएगा और समाप्ति के बाद ही उन्हें अपने–अपने इकाईयों की ओर रवाना किया जाएगा।

इस बीच, जहाजरानी सेवा निदेशालय द्वारा बम्बूफ्लाट और आस–पास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए सुबह छः बजे और शाम छः बजे अतिरिक्त फेरी सेवा उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में होने वाले मुख्य समारोह के अलावा विभिन्न स्थानों पर कल गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। समारोह को लेकर सभी स्थानों पर विशेष तैयारियां की गई है। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद परिसर में परिषद के अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा कार्यालय परिसर में सुबह सात बजकर पन्द्रह मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष वी. रविचन्द्रन प्रेम नगर स्थित सफाई कर्मी कालोनी में सुबह छः बजकर पैंतालीस मिनट पर और कनिष्ठ उपाध्यक्षा पांडि सेल्वी नगरपालिका विद्यालय में सुबह सात बजे ध्वजारोहण करेंगी। ज़िला और सत्र न्यायालय परिसर में सुबह सात बजकर दस मिनट पर तिरंगा फहराया जाएगा। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन परिसर में सुबह सात बजकर पचपन मिनट पर ध्वजारोहण किया जाएगा।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के मौके पर भारतीय नौसेना, तटरक्षक और जहाजरानी निदेशालय के जलयानों में कल और उनतीस जनवरी को बीटिंग द रिट्रीट के अवसर पर रोशनी की जाएगी। यह रोशनी शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट से रात्रि दस बजे तक मरीन फ्लैग पोस्ट पर की जाएगी।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के मौके पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम रात्रि दस बजे से विशेष कार्यक्रम सर्व भाषा कवि सम्मेलन का प्रसारण करेगा, जो आकाशवाणी दिल्ली से रिले किया जाएगा। कल सुबह साढ़े आठ बजे से आकाशवाणी श्री विजयपुरम से मरीना पार्क रोड से उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी द्वारा ध्वजारोहण और संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद सुबह नौ बजकर चालीस मिनट से गणतंत्र दिवस परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आंखो देखा हाल नई दिल्ली से रिले किया जाएगा।

उधर, छियहत्तरवें गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन श्री विजयपुरम के यू–ट्यूब चैनल से किया जाएगा। शाम साढ़े चार बजे से द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की टी वी रिपोर्ट दूरदर्शन और यू–ट्यूब चैनल पर प्रसारित की जाएगी।

**<><><><><><><>**

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज पन्द्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि यह गौरव का विषय है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा, विविध, युवा, समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और देश में प्राचीन समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया विद्यमान है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्व के लिए भारत का लोकतंत्र अनूठा उदाहरण है। द्वीपसमूह में जहाजरानी सेवा निदेशालय के फीनिक्स बे जेट्टी में यात्रियों को मतदान से बढ़कर कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से मतदान करूँगा विषय पर मतदाता दिवस शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उप–निदेशक बी सी सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का उद्देश्य मतदाताओं के बीच मतदाता पंजीकरण एवं भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान युवा और बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित भी किया गया। इसी प्रकार का समारोह निदेशालय के प्रशासनिक भवन और मरीन डॉकयार्ड में भी आयोजित किया गया।

**<><><><><><><>**

पुलिस स्थापना दिवस मनाए जाने के सिलसिले में कल पुलिस लाईन परेड मैदान में एट होम समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडमिरल डी के जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में अंडमान निकोबार कमान के एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन, मुख्य सचिव डॉ. चन्द्रभूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस द्वारा विभिन्न बैंड प्रदर्शन और संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

**<><><><><><><>**

आज राष्ट्रीय पर्यटन दिवस है। इस अवसर पर अंडमान टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने आज जिम्मेदार पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए। इस कार्यक्रम का आयोजन सरकार के पर्यटन मंत्रालय के साथ किया गया। इस अभियान के तहत मुंडा पहाड़ बीच समेत कई बीचों पर सफाई अभियान चलाया गया तथा बीचों से प्लास्टिक और अन्य कचरा हटाया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष एम. विनोद ने बताया कि जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

**बाईट–एम. विनोद–26 से0**

**<><><><><><><>**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का ज़ायज़ा लेने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर और पद्मश्री नरेश चन्द्र लाल ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों, उनके परिजनों और कर्मचारियों से अस्पताल के साथ–साथ अपने आस–पास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ रखने का आग्रह किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिज़रा बेगम भी उनके साथ उपस्थित थी।

**<><><><><><><>**